11

# राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

जवाहर लाल नेहरू मार्ग

क्रमांक : परीक्षा / 2025 / दिनांक:

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के तहत स्नातक (नियमित एवं स्वयंपाठी) सेमेस्टर परीक्षा–2026 के परीक्षा आवेदन पत्र भरने संबंधी सूचना

विश्वविद्यालय विज्ञप्ति क्रमांकः परीक्षा / 2025 / 1164 दिनांक 28.10.2025 की निरन्तरता में अधिनियम –199 G1 से G21 (Notification No. 35) के अनुसरण में शैक्षणिक सत्र 2025–26 में विश्वविद्यालय के संघटक एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों के विभिन्न संकायों में अध्ययनरत प्रथम सेमेस्टर के नियमित परीक्षार्थी एवं प्रथम व द्वितीय सेमेस्टर के स्वयंपाठी (Non-Collegiate or Private) (नवीन) परीक्षार्थियों के परीक्षा फॉर्म **वेबसाईट** www.univraj.org पर ऑनलाईन माध्यम से भरे जाने हेतु तिथि 20.11.2025 तक बढ़ायी जाती है।

**नोट:**
1. **परीक्षा आवेदन पत्र की विस्तृत जानकारी हेतु विश्वविद्यालय विज्ञप्ति क्रमांकः परीक्षा / 2025 / 1164 दिनांक 28.10.2025 का अवलोकन करें।**
2. **विश्वविद्यालय की शेष परीक्षाओं के परीक्षा आवेदन पत्र भरे जाने हेतु शीघ्र ही पृथक से विज्ञप्ति जारी की जावेगी।**
3. **सर्वर डाउन की समस्या से बचने के लिए, आवेदन की अंतिम तिथि का इन्तजार नहीं करें।**
4. **परीक्षा संबंधी समस्त सूचनाओं हेतु वेबसाईट www.uniraj.ac.in एवं www.univraj.org का निरन्तर अवलोकन करें।**

Sd/-
परीक्षा नियंत्रक

क्रमांक : परीक्षा / 2025 / 1513–1530 दिनांक: 13/11/25

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु निम्न को प्रेषित है :–

1. (अ) समस्त विभागाध्यक्ष / प्राचार्य / प्राचार्या, संघटक / सम्बद्ध महाविद्यालयों को प्रेषित कर लेख है कि यह सुनिश्चित करें कि नियमित एवं स्वयंपाठी परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन सह नामांकन आवेदन पत्रों की अलग–अलग प्रति / हार्ड कॉपी वांछित दस्तावेजों सहित विशेष रूप से राजस्थान बोर्ड के अतिरिक्त अन्य बोर्ड / विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण विद्यार्थियो का मूल माईग्रेशन प्रमाण पत्र नामांकन पत्र के साथ संलग्न है एवं सही है। निर्धारित परीक्षा शुल्क का विवरण, दिशा–निर्देश में अंकित है जो वेबसाईट www.uniraj.ac.in एवं www.univraj.org पर उपलब्ध है। **विश्वविद्यालय से किसी भी प्रकार के पत्र व्यवहार में कृपया परीक्षा केन्द्र / महाविद्यालय कोड आवश्यक रूप से अंकित करें।**

   (ब) विश्वविद्यालय से सम्बद्ध निजी महाविद्यालयों को विश्वविद्यालय द्वारा स्नातक प्रथम वर्ष (प्रथम / द्वितीय सेमेस्टर) हेतु आवंटित सीटों एवं आवंटित विषयों के अनुसार ही नियमित छात्रों से परीक्षा आवेदन सह नामांकन पत्र भरवाए गए हैं, इस आशय का शपथ–पत्र संबंधित प्राचार्य द्वारा परीक्षा फार्मो के साथ संलग्न करना होगा।

   (स) पूर्व की भांति केवल स्वयंपाठी छात्रों हेतु ही उनके परीक्षा आवेदन पत्र एवं नामांकन पत्र का अग्रेषण का शुल्क रू. 8 /– प्रति छात्र देय होगा, बिन्दु संख्या–1(अ) की पूर्ण पालना नही करने पर देय शुल्क राशि में से कटौती होगी।
2. निदेशक, इन्फोनेट सेंटर, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रसारित करवाने की व्यवस्था करें।
3. वित्त नियंत्रक एवं वित्तीय सलाहकार, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि वे यह सुनिश्चित करने का श्रम करें कि सत्र 2025–26 हेतु बैंक गेटवे द्वारा जमा किये गये परीक्षा शुल्क राशि विश्वविद्यालय के मुख्य बैंक खातों में जमा करवा दी गई है एवं जमा विवरण प्राप्त कर Reconciliation करवाने का श्रम करें।
4. अतिरिक्त कुलसचिव, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त महाविद्यालयों की सूची उपलब्ध सीटों सहित संबंधित कम्प्यूटर फर्म को भिजवाने का श्रम करें।
5. जनसम्पर्क अधिकारी, राजस्थान विश्वविद्यालय को प्रेषित कर लेख है कि सूचना को विश्वविद्यालय के क्षेत्राधिकार के जयपुर एवं दौसा में प्रसारित होने वाले मुख्य समाचार पत्रों (दैनिक भास्कर एवं दैनिक नवज्योति) में एक बार समाचार के रूप में भी प्रकाशित करवाने की व्यवस्था करें।
6. प्रबन्धक, आई.सी.आई.सी.आई. बैंक, बापू नगर ब्रांच, विश्वविद्यालय केम्पस, जयपुर को भेजकर लेख है कि परीक्षार्थी द्वारा ऑनलाईन माध्यम से जमा परीक्षा शुल्क का Real Time Integration प्रक्रिया अपनाते हुये उसकी जानकारी संबंधित परीक्षा फॉर्म भरवाने वाली कम्प्यूटर फर्म को प्रेषित करें। यदि किसी परीक्षार्थी का भुगतान Real Time Integration प्रक्रिया में सफल ना होने पर तत्काल रिफंड करें जिससे परीक्षार्थी / विश्वविद्यालय फीस रिफंड हेतु अनावश्यक परेशान ना हो।
7. वरिष्ठ निजी सहायक माननीया कुलगुरू / कुलसचिव / निजी सहायक, परीक्षा नियंत्रक, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
8. समस्त उप–कुलसचिव / सहायक कुलसचिव / अनुभाग अधिकारी परीक्षा संचालन व गोपनीय अनुभाग / शैक्षणिक –द्वितीय / सेलर– I, II / परीक्षा विविध, रिकॉर्ड शाखा, रोकड शाखा, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।

13/11/25
सहायक कुलसचिव (परीक्षा)